# रणजीत टाइम्स

इंदौर
गुरुवार , 2 जुलाई , 2026
वर्ष 02 | अंक 159 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## ऑपरेशन 'अमिस्ताद' बना भारत की मानवीय ताकत का प्रतीक: पीएम मोदी ने वेनेजुएला में राहत मिशन पर भारतीय मेडिकल टीम की सराहना

नई दिल्ली/कराकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन 'अमिस्ताद' के तहत वेनेजुएला में राहत और चिकित्सा सेवाओं में जुटे भारतीय चिकित्सा दल की सराहना करते हुए कहा कि भारत संकट की घड़ी में मानवता की सेवा के अपने संकल्प पर दृढ़ता से कायम है। उन्होंने मिशन में शामिल डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मियों के समर्पण को देश के लिए गर्व का विषय बताया। ऑपरेशन 'अमिस्ताद' के तहत भारतीय मेडिकल टीम प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों को उपचार, आवश्यक दवाइयां और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इस अभियान का उद्देश्य आपदा और संकट से जूझ रहे लोगों को त्वरित मानवीय सहायता पहुंचाना है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय दल ने सेवा, संवेदनशीलता और पेशेवर दक्षता का परिचय देकर दुनिया के सामने भारत की "वसुधैव कुटुंबकम्" की भावना को साकार किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय चिकित्सा दल आगे भी पूरी निष्ठा के साथ राहत कार्य जारी रखेगा। भारत पिछले कुछ वर्षों में दुनिया के विभिन्न देशों में प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकट के दौरान राहत



अभियान चलाकर अपनी वैश्विक मानवीय भूमिका को लगातार मजबूत करता रहा है। ऑपरेशन 'अमिस्ताद' भी उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

बौद्धिक प्रतिकार विश्लेषण- भारत अब केवल कूटनीतिक शक्ति ही नहीं, बल्कि 'ह्यूमैनिटेरियन पावर' (मानवीय शक्ति) के रूप में भी अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। विदेशों में राहत अभियान, मेडिकल सहायता और आपदा प्रबंधन में सक्रिय भागीदारी भारत की वैश्विक साख और विश्वसनीयता को लगातार नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रही है।

## 10-12 जुलाई को बेलगावी में RSS की अहम बैठक, संगठनात्मक बदलाव और युवा मुद्दों पर होगा मंथन



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर स्पष्ट किया है कि इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष का स्थायी और न्यायसंगत समाधान केवल बातचीत के जरिए लागू होने वाले 'द्विराष्ट्र समाधान' (Two-State Solution) में ही निहित है। भारत ने कहा कि एक सुरक्षित इजरायल और स्वतंत्र, संप्रभु तथा व्यवहार्य फिलिस्तीन का शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व ही क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि हिंसा, सैन्य टकराव और मानवीय संकट किसी भी पक्ष के हित में नहीं हैं। भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कूटनीतिक संवाद को प्राथमिकता देने की अपील की। भारत ने दोहराया कि वह लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र के प्रासंगिक प्रस्तावों, अंतरराष्ट्रीय कानून और आपसी सहमति के आधार पर द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन करता रहा है। भारत का मानना है कि प्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से ही ऐसा समाधान निकाला जा सकता है, जिससे दोनों पक्षों की वैध सुरक्षा और राजनीतिक आकांक्षाओं का सम्मान हो।

भारत ने गाजा में जारी मानवीय संकट पर भी चिंता जताई और राहत सामग्री की निर्बाध आपूर्ति, नागरिकों की सुरक्षा तथा तनाव कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया। भारत का यह रुख उसकी लंबे समय से चली आ रही संतुलित विदेश नीति को दर्शाता है। नई दिल्ली एक ओर आतंकवाद और नागरिकों पर हमलों का विरोध करती है, वहीं दूसरी ओर संप्रभु फिलिस्तीन की स्थापना और इजरायल की सुरक्षा—दोनों को समान रूप से महत्वपूर्ण मानते हुए कूटनीतिक समाधान पर जोर देती है। यही संतुलन भारत को वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और विश्वसनीय साझेदार के रूप में स्थापित करता है।

## सिया-चेतन-केतन केस: जांच में रोज नए खुलासे, पुलिस जुटा रही डिजिटल और फोरेंसिक सबूत

पुणे | रणजीत टाइम्स

पुणे के चर्चित केतन अग्रवाल हत्याकांड में जांच लगातार आगे बढ़ रही है। पुलिस का दावा है कि मंगेतर सिया गोयल और सह-आरोपी चेतन चौधरी की भूमिका से जुड़े कई महत्वपूर्ण डिजिटल और परिस्थितिजन्य साक्ष्य सामने आए हैं, जबकि बचाव पक्ष इन आरोपों को अदालत में चुनौती दे रहा है। जांच के दौरान पुलिस ने लोहागढ़ किले पर घटनास्थल का रीक्रिएशन कराया। डमी का उपयोग कर घटना के क्रम को समझने का प्रयास किया गया तथा चेतन की गतिविधियों के विश्लेषण के लिए तकनीकी जांच भी की गई।



पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना के बाद कुछ समय तक केतन अग्रवाल का मोबाइल फोन सिया गोयल के पास क्यों रहा और क्या उसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ या डिजिटल साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया। इस बीच मीडिया में एक कैफे का वीडियो और कुछ अन्य वीडियो भी सामने आए हैं, जिन्हें जांच एजेंसियां सत्यापित कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि इन सामग्रियों की फोरेंसिक जांच के बाद ही उनकी कानूनी प्रासंगिकता तय होगी।

वहीं, बचाव पक्ष का कहना है कि चेतन चौधरी के खिलाफ प्रत्यक्ष साक्ष्य पर्याप्त नहीं हैं और अंतिम निर्णय अदालत में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही होगा।


रणजीत टाइम्स: मामले की जांच जारी है। सभी आरोप फिलहाल जांच और न्यायिक प्रक्रिया के अधीन हैं। अंतिम निष्कर्ष अदालत के निर्णय के बाद ही माना जाएगा।




# ईरान वार्ता में पाकिस्तान की एंट्री! अमेरिका ने कतर के साथ इस्लामाबाद की भी सराहना, पश्चिम एशिया में नई कूटनीतिक बिसात

**वॉशिंगटन/दोहा। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने पहली बार खुलकर कतर के साथ पाकिस्तान की भी सराहना की है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि दोनों देशों ने अमेरिका-ईरान वार्ता को आगे बढ़ाने और क्षेत्र में तनाव कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस बयान ने पाकिस्तान की बदलती कूटनीतिक भूमिका को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है। दोहा में कतर के प्रधानमंत्री ने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ लंबी बैठक की।**

बैठक में अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता, प्रस्तावित 14-सूत्रीय समझौता (MoU), लेबनान युद्धविराम, गाजा संकट और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति एवं क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर



विस्तार से चर्चा हुई। बौद्धिक प्रतिकार की पड़ताल के अनुसार, अमेरिका अब सैन्य दबाव के साथ-साथ कूटनीतिक चैनलों को भी सक्रिय कर रहा है। कतर लंबे समय से मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है, लेकिन पाकिस्तान का नाम सार्वजनिक रूप से सामने आना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि वॉशिंगटन क्षेत्रीय समीकरणों में इस्लामाबाद की भूमिका को भी महत्व देने लगा है।

### विशेषज्ञों का मानना है

कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत आगे बढ़ती है तो इसका असर पूरे पश्चिम एशिया की सुरक्षा, ऊर्जा बाजार और वैश्विक कूटनीति पर पड़ सकता है। हालांकि अभी किसी अंतिम समझौते की घोषणा नहीं हुई है और वार्ता का अगला चरण सभी पक्षों के रुख पर निर्भर करेगा।

# दिल्ली सरकार की सौगात

## धीरपुर में डॉ. बीआर अंबेडकर यूनिवर्सिटी में नए हाईटेक कैंपस को मंजूरी



दिल्ली के उत्तरी हिस्से धीरपुर में बनने वाला डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का नया कैंपस करीब 20 हेक्टेयर (2,00,000 वर्ग मीटर) जमीन पर विकसित किया जाएगा। प्रस्तावित कैंपस में छात्रों और शोधार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें एकेडमिक ब्लॉक, सेंट्रल लाइब्रेरी, ऑडिटोरियम, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर, आवासीय सुविधाएं और हॉस्टल शामिल होंगे। अधिकारियों के मुताबिक, इस परियोजना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुंच को बढ़ाना और विश्वविद्यालय को बेहतर शैक्षणिक व शोध सुविधाओं से लैस करना है। कैंपस के पूरा होने के बाद करीब 8 हजार छात्रों के लिए आधुनिक एकेडमिक और रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो सकेगा। योजना के पहले चरण में लगभग 5,400 छात्रों के लिए सुविधाएं तैयार किए जाने की उम्मीद है। परियोजना की प्लानिंग अवधि करीब 6 महीने रखी गई है, जबकि निर्माण कार्य पूरा होने में लगभग 60 महीने लगने का अनुमान है।

धीरपुर में बनने वाले डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के नए कैंपस प्रोजेक्ट की संशोधित लागत 1,668.41 करोड़ रुपये तय की गई है। यह फैसला EFC (एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमेटी) की बैठक में लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, परियोजना की लागत का आकलन DPAR 2025, DSR 2023, मौजूदा बाजार दरों और अन्य अतिरिक्त प्रावधानों को ध्यान में रखकर किया गया है। इसमें आकस्मिक खर्च, क्वालिटी एश्योरेंस, आर्टवर्क, 5-स्टार GRIHA ग्रीन रेटिंग और कानूनी शुल्क जैसी मदें भी शामिल की गई हैं। पूरे बजट को पांच वित्तीय वर्षों में विभाजित किया गया है। प्रस्तावित वित्तीय योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27: 200 करोड़ रुपये ,वित्तीय वर्ष 2027-28: निर्धारित चरण के अनुसार खर्च ,वित्तीय वर्ष 2028-29: निर्धारित चरण के अनुसार खर्च ,वित्तीय वर्ष 2029-30: निर्धारित चरण के अनुसार खर्च ,वित्तीय वर्ष 2030-31: 268.41 करोड़ रुपये. नए कैंपस प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए EFC (एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमेटी) ने सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करने की शर्त रखी है। कमेटी ने परियोजना की समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने को बेहद जरूरी बताया है।

# अखिलेश बाबू, हमसे ही सीख लीजिए...

## सपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर बधाई देते हुए ओपी राजभर ने दे डाली सलाह



**लखनऊ.।** सुभसपा सुप्रीमो ओपी राजभर ने अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है. इस दौरान ओपी राजभर ने अखिलेश यादव को जन्मदिन पर उपहार के तौर पर सलाह दी है. ओपी राजभर ने कहा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं. ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं.ओपी राजभर ने कहा, बहुत सोचा कि आपको उपहार में क्या दूं. आप ठहरे बड़े घर के बेटे, पिताजी पूर्व सीएम और रक्षामंत्री रहे, आप खुद पूर्व मुख्यमंत्री रह चुके हैं, आलिशान बंगलों में जीवन गुजरा है. हम भला क्या दे सकते हैं ।

आपको. मगर उम्र और अनुभव में बड़ा होने के नाते एक बेशकीमती सलाह हम आपको दे सकते हैं. इस सलाह को ही जन्मदिन पर मेरी तरफ से उपहार मानिएगा.ओपी राजभर ने ये भी कहा कि सलाह यही है कि आप अपनी आलसी और आरामतलबी वाली जिंदगी से जितना जल्दी हो सके बाहर निकलिए. एसी और पीसी वाली राजनीति का जितना जल्दी हो सके त्याग करेंगे उतना आपके लिए अच्छा रहेगा. आलस से बाहर निकलकर गांव-देहात की पगडंडियां भी नापिए. गैर-यादव पिछड़ों, गरीबों, दलितों, वंचितों और समाज के हर वर्ग के बीच जाकर, उनके सुख-दुख में शामिल होइए. नये उत्तर प्रदेश को देखिए और समझने का प्रयास कीजिए. बस खाली एसी में बैठकर ट्विटर पर खेत-किसान, मेड़-पगडंडी वाला वीडियो मत देखते रहिए. खेत में जाकर खुद किसानी समझिए.आगे ओपी राजभर ने कहा, हां ये हो सकता है कि शुरु-शुरु में मेड़-पगडंडी पर चलते-चलते आपका पैर मुचुक जाए, कांटा धंस जाए. ऊपर से घाम भी लगेगा और पसीना से तर भी हो जाएंगे, लेकिन लगातार कोशिश करते रहेंगे तो एक न एक दिन गांव की राजनीति से प्रदेश की राजनीति का असली रास्ता भी समझ में आ ही जाएगा. अखिलेश बाबू, जमीन से जुड़ने का कोई शॉर्टकट नहीं होता, उसके लिए मेड़ पर गोड़ रगड़ना ही पड़ता है. हम ही से सीख लीजिए, 48 डिग्री में भी गांव-गांव घूमता हूं. बस इतना ही कहना था, आपके लिए यही उचित उपहार है हमारी तरफ से. ईश्वर आपको सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दें. एक बार फिर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान

## जल गंगा संवर्धन अभियान का भव्य समापन, जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान






महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल एवं जल कार्य प्रभारी श्री अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के आह्वान पर 19 मार्च 2026 को निपानिया तालाब से प्रारंभ हुए इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने जल संरक्षण और वृक्षारोपण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए इसे जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि वर्षा जल की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग और रिचार्ज सिस्टम जरूरी हैं तथा पेड़ जल संरक्षण का सबसे बड़ा माध्यम हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, विधायक श्री गोलू शुक्ला, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, महापौर परिषद सदस्य श्री नंदकिशोर पहाड़िया, श्री अश्विन शुक्ला एवं श्री मनीष शर्मा "मामा", सचेतक श्री कमल वाघेला, पार्षद श्री राजीव जैन, अपर आयुक्त श्री आशीष पाठक एवं श्री अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री श्री अश्विन जनवदे एवं श्री लक्ष्मीकांत वाजपेई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, रहवासी संगठन, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अभियान के तहत नगर निगम ने 137 कुओं का पुनर्जीवन, 15 बावड़ियों का संरक्षण, 10 तालाबों का गहरीकरण, 24 तालाबों की आवक नालियों की सफाई और 10,453 भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं सुनिश्चित कीं। साथ ही 75 रिचार्ज शाफ्ट बनाए गए और 100 अनुपयोगी बोरवेलों को रिचार्ज शाफ्ट में परिवर्तित किया गया। समारोह में जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाली सामाजिक संस्थाओं, बैंकिंग संस्थानों, रहवासी संगठनों, ग्रामीण प्रतिनिधियों और अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

# मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर के सीएम राइज स्कूलों का किया दौरा, विद्यार्थियों से किया संवाद

**राजेश धाकड़**

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के सीएम राइज स्कूल पाल कांकरिया एवं कच्छालिया का भ्रमण कर वहां अध्यनरत विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छात्रों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, विद्यालयीन गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

मंत्री श्री सिलावट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने और अपने



सपनों को साकार करने का मजबूत आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और प्रत्येक विद्यार्थी को अपने समय का सदुपयोग करते हुए निरंतर मेहनत करनी चाहिए। मंत्री श्री सिलावट ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

मंत्री श्री सिलावट ने स्कूल ग्राउंड में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर जिला महामंत्री श्री अंतर दयाल, सरपंच श्री सोहन पटेल, मंडल अध्यक्ष श्री शिवपाल सिंह चावड़ा, श्री मेहरबान सिंह पंवार, श्री राजाराम गोयल, श्री महेश भगत, श्री जितेंद्र आंजना, श्री विजय चौधरी, सरपंच श्री रवि कुमावत, श्री छोटे यादव सहित आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण एवं वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत इंदौर में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**राजेश धाकड़**

इंदौर, जनपद पंचायत इंदौर के अध्यक्ष श्री विश्वजीत सिंह सिसोदिया (कान्हा पटेल) की अध्यक्षता में आज जनपद पंचायत कार्यालय में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रुप से समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जनपद अध्यक्ष श्री कान्हा पटेल ने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं से



वंचित न रहे।

उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में ग्रामीण विकास योजनाओं, जल संरक्षण अभियान तथा अन्य विकासात्मक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए गए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# याराना ग्रुप की जुलाई मिलन पार्टी में दोस्ती और उल्लास का अनूठा संगम

इंदौर। याराना ग्रुप द्वारा आयोजित जुलाई मिलन पार्टी हर्षोल्लास एवं आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुई। जुलाई की भारी उमस के बावजूद मित्रों के उत्साह, अपनत्व और गर्मजोशी ने पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने वर्षों पुरानी दोस्ती को फिर से जीवंत करते हुए हंसी, मस्ती और यादगार पल साझा किए। मिलन समारोह में स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी ने आनंद लिया। गीत-संगीत, नृत्य और मनोरंजक



खेलों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। पुरानी यादों के साथ गपशप का दौर देर तक चलता रहा, जिससे सभी ने एक-दूसरे के साथ सुखद समय बिताया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आभा एंकर एवं अर्चना का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने उनकी उत्कृष्ट योजना, मेहनत और सभी मित्रों को एक मंच पर एकत्रित करने के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जुलाई की भारी उमस के बीच उन्होंने इस मिलन समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में कहा कि ऐसे आयोजन आपसी प्रेम, विश्वास और मित्रता को और अधिक मजबूत बनाते हैं। सभी ने भविष्य में भी इसी प्रकार मिलते रहने का संकल्प लिया। "दोस्ती में उम्र नहीं देखी जाती, बस साथ देखा जाता है।" इसी संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सहज योग ध्यान:विचार-शून्य निर्विकल्प समाधि का सहज मार्ग



विचार शून्यता (Thoughtless Awareness) वह स्थिति है जहाँ मन पूरी तरह शांत और सचेत रहता है। यही अवस्था गहन ध्यान की अवस्था है जो हमें स्वयं से और पूरे ब्रम्हांड में फैले परा शक्ति से जोड़ता है। हमारी इस स्थिति की अभिव्यक्ति हमारे मध्य नाड़ी तंत्र पर होती है। ध्यान मार्ग पर अग्रसर सभी साधकों को निर्विचार होना सबसे कठिन लगता है। हम सप्रयास ध्यान करते हैं तो असहजता महसूस होती है और विचार पीछा नहीं छोड़ते। इसका सबसे बड़ा कारण हमारा संतुलित ना होना ही होता है। सहजयोग की ध्यान पद्धति हमारी बाईं ओर की ईडा नाड़ी और दाहिनी ओर की पिंगला नाड़ी को संतुलित करती है। बाईं ओर की नाड़ी हमारे भूतकाल की और दाहिनी ओर की नाड़ी हमारे भविष्य काल की नाड़ी है। पंचतत्वों के प्रभाव से जब नाड़ियां संतुलित होती हैं। तब हमारे मन को अतीत के पछतावे और भविष्य की चिंताओं से मुक्त करती है जिससे कुंडलिनी शक्ति का सहज जागरण होता है, मध्य नाड़ी में स्थित चक्र भी संतुलित होते हैं और हमारे अंदर परा शक्ति के चैतन्य का बहाव होने लगता है। यह एक बहुत ही सुखद अवस्था है, जिसकी अनुभूति हमें ध्यान मार्ग के उच्च अवस्था में ले जाता है।

अतः हमारे अंदर स्थित कुंडलिनी शक्ति का जागरण आत्मसाक्षात्कार के माध्यम से होना आवश्यक है, तभी हम 'निर्विकल्प समाधि' की इस अवस्था का अनुभव कर सकते हैं, जो वास्तविक मानसिक शांति और आनंद का स्रोत है। यही हमारे आंतरिक विकास की प्रक्रिया है और हम मानव का, सर्वोच्च गौरव आत्मस्वरुप को पा लेते हैं। इस अवस्था में हम वर्तमान (Present) में होते हैं। हम घटनाओं और दृश्यों को देखते हैं लेकिन विचारों में नहीं उलझते। यह साक्षी भाव है जो हमारे अंदर जागृत हो जाता है। सातों चक्र के अलग अलग गुण हैं। चक्र की जागृति के पश्चात यह गुण हममें स्वयं ही प्रगट होने लगते हैं। आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल-फ्री नंबर 1800-2700-800 अथवा www.sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।

# खनिज विभाग की अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई, चार वाहन जप्त

**सलीम हुसैन**

झाबुआ जुलाई कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी जुवानसिंह भिड़े एवं खनिज विभाग के अमले द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए चार वाहनों को जप्त किया गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि 27 जून को ग्राम बन टोल प्लाजा के समीप खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए डम्पर क्रमांक MP13H1087 को जप्त किया गया। उक्त वाहन को जप्त कर कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), झाबुआ



परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार 01 जुलाई को तहसील थांदला के अंतर्गत चौकी काकनवानी क्षेत्र में खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर डम्पर क्रमांक DD01L9414 को जप्त कर थाना काकनवानी की अभिरक्षा में सौंपा गया। इसके अतिरिक्त ट्रक क्रमांक MP09HH9564 एवं MP09AE2577 को भी अवैध खनिज परिवहन के आरोप में जप्त कर कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला झाबुआ परिसर में खड़ा किया गया है।

जप्त किए गए कुल चारों वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। प्रकरणों को अधिनिर्णय हेतु अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# वरिष्ठ भाजपा नेता रामदास गर्ग का जन्मदिन व शादी की वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई

**राजेश धाकड़**

इंदौर। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व भाजपा उपाध्यक्ष श्री रामदास जी गर्ग का जन्मदिन एवं शादी की वर्षगांठ का शुभ अवसर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे और श्री गर्ग को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में विधायक गोलू



शुक्ला, घनश्याम व्यास, रजत पंडित, रितेश वीरांग, राजेंद्र टोशनीवाल, जगमोहन वर्मा सहित कई गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने श्री रामदास गर्ग के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ केक काटकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा परिवार के सदस्यों की सहभागिता और आत्मीयता देखने को मिली।

# पहचान छिपाकर दोस्ती करने का आरोप, इंदौर में युवक को हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं ने पकड़ा

**राजेश धाकड़**

इंदौर। बुरहानपुर निवासी एक युवक पर पहचान छिपाकर युवतियों से दोस्ती करने का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने उसे इंदौर में पकड़ा। जानकारी के अनुसार युवक एक महिला के साथ भाजपा कार्यालय के पास यादव चाय की दुकान पर मौजूद था, जहां वह कथित तौर पर अपना नाम अश्विन शर्मा बता रहा था। शक होने पर हिंदू संगठन के



कार्यकर्ताओं ने उससे पूछताछ की। पूछताछ में युवक की पहचान अरशद खान निवासी बुरहानपुर के रूप में सामने आने का दावा किया गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि युवक नाम बदलकर युवतियों से संपर्क करता था और दोस्ती करता था। मामले में बजरंग दल जिला संयोजक लक्की रघुवंशी, जिला सह मंत्री संजय सिलावट, प्रखंड अध्यक्ष रजत वैष्णव, प्रखंड संयोजक जयेश सोनकर सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। फिलहाल मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# दौसा में मौत बनकर दौड़ी आग ट्रक से टकराई बस, इंदौर के पांच यात्री जिंदा जले, 8 की मौत

जयपुर/दौसा। राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। ऋषिकेश से इंदौर आ रही एक स्लीपर बस राष्ट्रीय राजमार्ग पर आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों मेंदेखते ही देखते आग लग गई और बस आग का गोला बन गई। हादसे में अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें इंदौर के पांच यात्री जिंदा जल गए। हादसे में 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। वहीं चार यात्रियों के लापता होने की भी सूचना है। आशंका है कि आग की तीव्रता के कारण उनकी पहचान में भी कठिनाई आ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग की मदद से बस के शीशे तोड़कर कई यात्रियों को बाहर निकाला। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। पुलिस ने मृतकों की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ट्रक से हुई जोरदार टक्कर को हादसे की वजह माना जा रहा है। प्रशासन ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं, जबकि राजस्थान और मध्य प्रदेश प्रशासन पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता में जुटा है।

# लंबित मांगों को लेकर प्राध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर। प्रांतीय शासकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ, मध्यप्रदेश के ग्वालियर संभाग एवं जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को डॉ. हरिशंकर सिंह कंसाना के नेतृत्व में श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर आदर्श विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत प्राध्यापकों, क्रीड़ा अधिकारियों एवं ग्रंथपालों की वर्षों से लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

ज्ञापन में संघ ने वर्ष 2004-05 में नियुक्त बैकलॉग सहायक



प्राध्यापकों की परीक्षा अवधि नियुक्ति तिथि से दो वर्ष बाद समाप्त मानकर उन्हें करियर एडवांसमेंट का लाभ देने तथा जिन सहायक प्राध्यापकों ने अभी आवश्यक योग्यता अर्जित नहीं की है, उन्हें वर्ष 2028 तक योग्यता प्राप्त करने का अवसर देने की मांग की। इसके अलावा क्रीड़ा अधिकारियों एवं ग्रंथपालों को सहायक प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक एवं प्राध्यापक का पदनाम देने तथा उनकी सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष किए जाने की मांग भी रखी गई। संघ ने वर्ष 2009, 2011 एवं 2019 में नियमितीकरण से वंचित सहायक प्राध्यापकों की परीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें भी करियर एडवांसमेंट योजना का लाभ देने, सेवानिवृत्त शिक्षकों की पेंशन, वेतन निर्धारण, अर्जित अवकाश एवं समूह बीमा भुगतान के लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने की भी मांग की।

साथ ही उच्च शिक्षा विभाग में पिछले 10 वर्षों से परामर्शदात्री समिति की बैठक नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार नियमित बैठक आयोजित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के साथ ग्वालियर संभाग एवं जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में प्राध्यापकों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर रहकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान डॉ. नगेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. डी.के. शर्मा, डॉ. वी.के. गुप्ता, डॉ. एस.एस. सेंगर, डॉ. ए.के. बरैया, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. अंजू नागर सहित अनेक वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे।

वहीं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के डॉ. हरीश अग्रवाल तथा शासकीय के.आर.जी. कन्या महाविद्यालय के डॉ. वासुदेव सिंह जादौन सहित अन्य महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने भी सांकेतिक प्रदर्शन में भाग लेकर लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा

## नगर अध्यक्ष पद को लेकर हलचल तेज, कई दावेदारों के नाम चर्चा में



सोनू अहिरवार



राजा चौहान



नितेश खांडेकर



दीपक वर्मा



भूपेंद्र चौहान

**खुशबू श्रीवास्तव**

**पुराने कार्यकर्ताओं की दावेदारी मजबूत, कांग्रेस से हाल ही में भाजपा में आए भूपेंद्र चौहान का नाम भी चर्चाओं में**

इंदौर। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा इंदौर नगर अध्यक्ष पद की घोषणा से पहले संगठन में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। अध्यक्ष पद को लेकर संगठन स्तर पर लगातार मंथन का दौर जारी है। कार्यकर्ताओं के बीच कई नामों को लेकर चर्चाएं हो रही हैं और हर दावेदार अपने-अपने संगठनात्मक अनुभव एवं सक्रियता के आधार पर दावा मजबूत करने में जुटा है। सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष पद की दौड़ में राजा चौहान, नितेश खांडेकर , सोनू अहिरवार, दीपक वर्मा सहित कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए भूपेंद्र चौहान का नाम भी प्रमुखता से चर्चा में है। भूपेंद्र चौहान के नाम की चर्चा शुरू होते ही संगठन के भीतर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। पार्टी के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्षों से भाजपा की विचारधारा के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनका तर्क है कि जिन्होंने लंबे समय तक संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया है, उन्हें जिम्मेदारी देने से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।

वहीं दूसरी ओर कुछ कार्यकर्ताओं का मानना है कि यदि कोई नया नेता भाजपा की विचारधारा से जुड़कर सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण दिखा रहा है, तो उसे भी अवसर मिलना चाहिए। ऐसे में भूपेंद्र चौहान की संभावित दावेदारी को लेकर संगठन के भीतर चर्चा और बहस का माहौल बना हुआ है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में आए भूपेंद्र चौहान को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, या फिर संगठन वर्षों से पार्टी के लिए कार्य कर रहे किसी पुराने और समर्पित कार्यकर्ता पर भरोसा जताएगा? इस सवाल का जवाब संगठन के शीर्ष नेतृत्व के अंतिम निर्णय के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल अध्यक्ष पद की घोषणा को लेकर कार्यकर्ताओं की निगाहें प्रदेश और नगर संगठन पर टिकी हुई हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही शीर्ष नेतृत्व की सहमति के बाद नए नगर अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।

# खजराना जैसा फ्लायओवर प्राधिकरण अब रोबोट चौराहे पर भी बनाएगा

इंदौर। पिछले दिनों तुलसी नगर निपानिया सडक़ (Tulsi Nagar Nipania Road) के लोकार्पण अवसर पर आए मुख्यमंत्री (CM) डॉ. मोहन यादव (Dr. Mohan Yadav) ने रोबोट चौराहा (Robot Square) पर भी फ्लायओवर निर्मित करने की घोषणा की। वहीं दूसरी तरफ इंदौर विकास प्राधिकरण ने इसके निर्माण की तैयारी भी काफी हद तक पूरी कर ली है। ड्राइंग-डिजाइन के बाद अब टेंडर जारी किए जाएंगे। लगभग 60 करोड़ रुपए की लागत अनुमानित की गई है और यह रोबोट का फ्लायओवर भी खजराना चौराहा पर बनाए गए फ्लायओवर की तरह निर्मित होगा, जिसकी लम्बाई तो लगभग 500 मीटर रहेगी और दोनों तरफ अलग-अलग जो भुजाएं बनेंगी उनमें 12-12 मीटर की दो-दो लेन रहेंगी और बीच में से मेट्रो ट्रेन गुजरेगी।

इसी के साथ प्राधिकरण रेडिसन चौराहा पर अंडरपास की संभावना तलाश रहा है और यहां अभी सर्वे चल रहा है। हालांकि मेट्रो के पिलर और पाइल कैप की बाधा अवश्य सामने आ रही हैप्राधिकरण ने पिछले साल एक साथ चार फ्लायओवरों की सौगात शहर को दी, जिसके चलते इन क्षेत्रों से गुजरने पर यातायात सुगम भी हो गया। अन्यथा इन सभी चौराहों पर जाम की स्थिति निर्मित रहती थी। फूटी कोठी, भंवरकुआ, खजराना और लवकुश चौराहा के फ्लायओवर के बाद काफी राहत मिली है। लवकुश पर फ्लायओवर के अलावा प्राधिकरण पौने 200 करोड़ रुपए की बड़ी राशि खर्च कर प्रदेश का सबसे बड़ा और अनूठा डबल डेकर ब्रिज भी निर्मित करवा रहा है, जो अगले तीन महीनों में तैयार हो जाएगा। वैसे तो प्राधिकरण ने एबी रोड सहित प्रमुख 11 चौराहों पर भी फ्लायओवर के लिए फिजिबिलिटी सर्वे करवा लिया था, मगर एबी रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर का काम शुरू होने के कारण ये फ्लायओवर फाइलों में ही रह गए। दूसरी तरफ अब प्राधिकरण रोबोट चौराहा पर फ्लायओवर बनाने जा रहा है। दरअसल, अभी पिपलियाहाना, उसके बाद बंगाली और फिर खजराना चौराहा पर बने फ्लायओवरों के कारणरिंग रोड के इस हिस्से में तो आवागमन सुगम हो गया, मगर खजराना के बाद रोबोट और फिर रेडिसन चौराहा पर सर्वाधिक जाम की स्थिति दिनभर ही रहती है और पिक टाइम में सुबह और शाम को 7 बजे के आसपास भीषण जाम लगता है और कई बार तो तीन से चार बार सिग्नल टाइमिंग चेंज होने के कारण इंतजार करना पड़ता है। प्राधिकरण सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े के मुताबिक रोबोट चौराहा पर निर्मित किए जाने वाले फ्लायओवर की ड्राइंग-डिजाइन लगभग तैयार हो गई है और अगली बोर्ड बैठक में इस पर चर्चा की जाएगी और टेंडर भी जारी होंगे। रोबोट चौराहा पर भी चूंकि मेट्रो का एलिवेटेड कॉरिडोर निर्मित है। लिहाजा इस चौराहा पर भी खजराना चौराहा की तरह ही दोनों तरफ आने और जाने की अलग-अलग भुजाएं बनाना पड़ेगी और उनके बीच से मेट्रो ट्रेन गुजरेगी। प्राधिकरण के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार अनिल जोशी के मुताबिक, रोबोट पर तो फ्लायओवर निर्मित हो जाएगा, मगर उसके बाद चूंकि यातायात का पूरा दबाव रेडिसन चौराहा पर आ जाएगा, जिसके चलते वहां पर भी यातायात सुगम करने के उपाय जरूरी हैं, जिसके चलते अंडरपास बनाने की संभावना तलाशी जा रही है। इसके लिए भी सर्वे कार्य चल रहा है, जो अंतिम चरण में है। सर्वे टीम के साथ वे खुद कल मौका-मुआयना भी करेंगे। हालांकि मेट्रो एलिवेटेड कॉरिडोर के पिलर सहित अन्य बाधाएं अंडरपास में भी आ रही हैं। बावजूद इसके कोई ना कोई रास्ता निकाला ही जाएगा।

# विद्युत मंडल में चयनित अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**इंदौर। मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में कार्यालय सहायक ग्रेड-3 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति नहीं मिलने के विरोध में इंदौर के पोलो ग्राउंड स्थित विद्युत मंडल कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।**

अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्ष 2024 में 800 से अधिक पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जिसकी परीक्षा वर्ष 2025 में आयोजित हुई। परीक्षा परिणाम के बाद 500 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन किया गया, लेकिन अब तक केवल लगभग 200 अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति दी गई है शेष 300 से अधिक चयनित अभ्यर्थी पिछले डेढ़ वर्ष से नियुक्ति आदेश का इंतजार कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्होंने विद्युत मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से कई बार मुलाकात की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप कर जल्द नियुक्ति देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

## वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को टीला रोड स्थित मृदा परीक्षण केंद्र पर वैल्यू चेन क्लस्टर योजना के अंतर्गत किसानों को निःशुल्क मूंगफली बीज का वितरण किया गया



**हेमंत कुमार भार्गव**

करैरा। कार्यक्रम में लगभग 300 किसानों को मूंगफली बीज उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमेश प्रसाद खटीक रहे। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभाग को अब तक 400 क्विंटल मूंगफली बीज प्राप्त हो चुका है, जबकि लगभग 1600 क्विंटल बीज और प्राप्त होना शेष है। जैसे-जैसे बीज उपलब्ध होगा, पात्र किसानों को चरणबद्ध तरीके से निःशुल्क वितरण किया जाता रहेगा। अधिकारियों ने किसानों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाकर उत्पादन बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में भाजपा नेता पवन निगोती, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## पुलिस की बड़ी सफलताः 3 लाख की 4 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**हेमंत भार्गव**




करैरा। थाना करैरा पुलिस ने चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 3 लाख रुपये कीमत की चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मामले में शामिल अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भुटिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में करैरा पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अनीस (नट) खां उर्फ लंपू निवासी अमारा पिरोठ थाना इंदार चोरी की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल लेकर गल्ला मंडी के पीछे से करैरा की ओर आने वाला है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में वह मोटरसाइकिल चोरी की होना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 439/26 धारा 317(2), 336(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्वालियर, शिवपुरी और दतिया जिलों से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने अरविंद जाटव पुत्र सीताराम जाटव निवासी न्यू कॉलोनी करैरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जिन्हें टीला रोड स्थित स्टेडियम की सीढ़ियों के नीचे बने कमरे में छिपाकर रखा गया था।

**बरामद वाहन**

हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक MP-33-MC-1686, कीमत 50,000 हीरो स्प्लेंडर क्रमांक MP-32-MJ-4740, कीमत 50,000 बजाज पल्सर, कीमत 1,50,000 होंडा ड्रीम युगा क्रमांक MP-33-A-8170, कीमत 50,000 कुल बरामदगी : 4 मोटरसाइकिलें, कीमत लगभग 3 लाख। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न अपराध दर्ज हैं। मामले में शामिल अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है।

**सराहनीय भूमिका**

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद छावई, उप निरीक्षक राजकुमार सिंह चाहर, आरक्षक सुरेंद्र सिंह रावत एवं आरक्षक राधेश्याम जादौन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। करैरा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोर गिरोहों में हड़कंप मच गया है और पुलिस की अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति एक बार फिर सामने आई है।

## ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश दुबे 'भोला महाराज' के निवास पहुंचे विधायक मोहन सिंह राठौर, शाल-श्रीफल से हुआ आत्मीय सम्मान



करैरा। भितरवार विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मोहन सिंह राठौर ने करैरा में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित श्री राजेश दुबे उर्फ 'भोला महाराज' के निज निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली। इस दौरान दोनों के बीच आत्मीय चर्चा हुई और सामाजिक विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। विधायक के आगमन पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पंडित राजेश दुबे 'भोला महाराज' ने उन्हें शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान से अभिभूत विधायक मोहन सिंह राठौर ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मौजूद समाजजनों ने विधायक के सरल, सौम्य और आत्मीय व्यवहार की सराहना करते हुए उनके इस सद्भावना भरे दौरे को सामाजिक सौहार्द एवं पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने वाला कदम बताया।

## सेवा की मिसालः सेवानिवृत्त होते ही शिक्षिका सरोज बुआ ने बच्चों को दिया 30 हजार का तोहफा, स्कूल में लगवाया झूला



**अतुल जैन**

बामौर कलां के चौकाखेड़ा स्कूल में भावुक विदाई, बीआरसीसी बोले- "ऐसे दान से ही संवरेंगे सरकारी स्कूल"

खनियांधाना। सेवानिवृत्ति अक्सर विदाई का पल होती है, लेकिन जन शिक्षा केंद्र बामौर कलां के शासकीय प्राथमिक विद्यालय चौकाखेड़ा की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सरोज गुप्ता 'बुआ जी' ने इसे सेवा का उत्सव बना दिया। 38 साल तक शिक्षा की अलख जगाने वाली इस कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका ने रिटायरमेंट पर खुद उपहार लेने के बजाय विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों को करीब 30 हजार रुपये की लागत का आकर्षक झूला भेंट कर दिया। सोमवार को झूला झुलाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्ति समारोह को यादगार बनाने की पहल बुआ जी के भतीजे ने की। उन्होंने जन शिक्षक अनिल शर्मा के माध्यम से बीआरसीसी संजय भदौरिया से आग्रह किया कि विदाई ऐसी हो जो वर्षों तक याद रहे। भदौरिया ने सुझाव दिया कि बच्चों के लिए कोई स्थायी उपयोगी सामग्री भेंट की जाए, ताकि सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षिका की सेवाएं जीवंत रहें। इस प्रेरणादायक सुझाव को श्रीमती सरोज गुप्ता ने तुरंत स्वीकार कर लिया और झूला लगवाने का संकल्प लिया।

समारोह में संकुल प्राचार्य सुरेंद्र सिंह यादव, जन शिक्षा केंद्र प्रभारी मुकेश तिवारी, मुकेश पटेरिया, जगदीश महते, कीर्ति जैन, राजेश तिवारी, राजेश शर्मा, हरिकृष्ण स्वर्णकार, धनीराम जाटव, अनिल शर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बीआरसी संजय भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा, "समाज के सकारात्मक सहयोग से ही सरकारी विद्यालयों का संचालन बेहतर हो सकता है। खनियांधाना में दानदाताओं का सहयोग लगातार मिल रहा है। सरोज बुआ का यह कदम पूरे समाज के लिए प्रेरणा है।" सभी वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक की असली पहचान सेवा अवधि से नहीं, बल्कि समाज और विद्यार्थियों पर छोड़ी गई छाप से होती है। श्रीमती सरोज गुप्ता का यह कदम सरकारी स्कूलों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की बड़ी मिसाल बन गया है। झूला पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। यह समारोह केवल विदाई नहीं, बल्कि 'सेवा ही सच्चा सम्मान है' का संदेश दे गया।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 में झाबुआ ने रचा नया कीर्तिमान

# 102.8 प्रतिशत कवरेज के साथ मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सलीम हुसैन**

झाबुआ जुलाई भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 28 से 30 जून तक संचालित राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान (एनआईडी-2026) में झाबुआ जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिले ने निर्धारित 2,13,504 बच्चों के लक्ष्य के विरुद्ध 2,19,550 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाकर 102.8 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की, जिसके साथ ही झाबुआ जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। यह उपलब्धि जिले के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी है। अभियान के प्रथम दिवस जिलेभर में स्थापित पोलियो बूथों पर 1,05,431 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाई गई। इसके पश्चात द्वितीय एवं तृतीय दिवस स्वास्थ्य विभाग की घर-घर भ्रमण टीमों द्वारा शेष बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें पोलियो की खुराक पिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग की प्रभावी रणनीति, सतत प्रयासों एवं टीमवर्क के परिणामस्वरूप जिला निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धि अर्जित करने में सफल रहा।

अभियान के दौरान झाबुआ जिले की स्वास्थ्य टीमों ने समर्पण, धैर्य, सतत जनजागरूकता एवं प्रभावी संवाद के माध्यम से प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित की तथा अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया।



परिणामस्वरूप झाबुआ जिला 102.8 प्रतिशत उपलब्धि के साथ मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रहा। यह सफलता कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट के कुशल निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम एल चोपड़ा के प्रभावी मार्गदर्शन में प्राप्त हुई। अभियान को सफल बनाने में जिला टीकाकरण अधिकारी, समस्त ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, एएनएम, आशा एवं आशा सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग, नर्सिंग छात्र-छात्राओं तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अमले का सराहनीय योगदान रहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, झाबुआ एवं जिला टीकाकरण अधिकारी, झाबुआ ने अभियान में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहयोगी विभागों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के अथक परिश्रम, समर्पण, टीम भावना एवं जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता के कारण ही झाबुआ जिला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी जनस्वास्थ्य से जुड़े प्रत्येक अभियान में इसी प्रकार के समन्वित प्रयासों एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए झाबुआ जिला नई उपलब्धियां एवं सफलताएं अर्जित करता रहेगा।

## 7 साल से कानून को चकमा दे रहा वारंटी ललितपुर बस स्टैंड से धराया, बामौरकलां पुलिस ने UP से उठाया



**अतुल जैन**

खनियांधाना। थाना बामौरकलां पुलिस ने 7 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी रामेश्वर यादव को उत्तर प्रदेश के ललितपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

माननीय जेएमएफसी न्यायालय खनियांधाना के प्रकरण क्रमांक 81/2019 में आरोपी रामेश्वर यादव पुत्र अतर सिंह यादव, उम्र 45 साल, निवासी ग्राम रानीपुरा राजघाट, थाना कोतवाली ललितपुर के खिलाफ स्थाई वारंट जारी था। वारंट तामीली के लिए थाना बामौरकलां भेजा गया था और पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। दिनांक 30 जून 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि वारंटी राजघाट बस स्टैंड जिला ललितपुर पर बैठा है। थाना प्रभारी उनि संजय लोधी के नेतृत्व में टीम तुरंत ललितपुर रवाना हुई और दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मेडिकल परीक्षण के बाद आज 1 जुलाई को उसे माननीय न्यायालय खनियांधाना में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने पर आरोपी को सब जेल पिछोर दाखिल कर दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि संजय लोधी, कार्यवाहक सउनि संदीप कुमार कुजूर, आरक्षक आकाश सिंह, आरक्षक पंकज साहू, आरक्षक राहुल लोधी, आरक्षक बलराम एवं आरक्षक चालक सत्यवीर गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में फरार वारंटियों की धरपकड़ जारी है।

## झाबुआ नगर पालिका परिषद में विशेष सम्मेलन आयोजित करने की मांग

**सलीम हुसैन**

झाबुआ/हाल ही में नगर पालिका प्रशासन द्वारा चैतन्य मार्ग स्थित धर्मशाला के नीचे की 13 दुकानों के संचालकों को धर्मशाला के जर्जर होने के कारण नोटिस जारी कर दुकान खाली करने के निर्देश दिए गए वहीं नगर पालिका प्रशासन द्वारा 13 जून को प्रातः 4 बजे 13 दुकानों पर सील लगा दी गई आज दिनांक 1 जुलाई को 24 घंटे के अंदर दुकान खाली करने के निर्देश दे दिए गए नेता प्रतिपक्ष धूम सिंह डामोर वरिष्ठ पार्षद प्रतिनिधि रशीद कुरेशी ने आज नगर पालिका अध्यक्ष कविता सिंगार मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष मिलन पटेल को परिपत्र जारी कर नगर पालिका का विशेष सम्मेलन बुलाने की मांग की ताकि परिषद के समक्ष इसका निर्णय हो नगर पालिका प्रशासन ने बगैर परिषद की स्वीकृति के ध्वस्त करने का जो निर्णय लिया है वह न्याय उचित नहीं है नेता प्रतिपक्ष डामोर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश है कि मानसून के चलते बारिश में किसी भी भवन को और अतिक्रमण नहीं तोड़ा जाए धर्मशाला दुकानों के ऊपर है वह जर्जर है तो उसे तोड़ा जाना चाहिए आज दुकानदारो का सामान दुकान के अंदर है दुकानदार व उनके परिवार व्यापार बंद होने से मानसिक तनाव में है ऐसी स्थिति में उचित निर्णय लिया जाना आवश्यक है शीघ्र ही विशेष सम्मेलन आयोजित किया जाना आवश्यक है उन्होंने मांग की है कि विशेष सम्मेलन के पश्चात ही इस पर निर्णय लिया जाना उचित होगामध्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन बगैर परिषद की स्वीकृति के दुकान तोड़ती है तो कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी व्यापारियों के समर्थन में नगर बंद का आह्वान करेगी

## मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल ) योजनांतर्गत अनुग्रह सहायता राशि का मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक से अंतरण

**सलीम हुसैन**

झाबुआ जुलाई मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिवनी जिले से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना अंतर्गत प्रदेश के 16,754 श्रमिक परिवारों को लगभग 365 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता का राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया गया। इसी क्रम में जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना अंतर्गत मेघनगर, पेटलावद, थांदला, राणापुर, रामा एवं झाबुआ विकासखंडों के हितग्राहियों को भी सहायता राशि प्रदान की गई। दुर्घटना में मृत्यु होने



पर अनुग्रह सहायता के 28 प्रकरणों में कुल 1 करोड़ 12 लाख रुपये तथा सामान्य मृत्यु के 307 प्रकरणों में कुल 6 करोड़ 14 लाख रुपये की सहायता राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई। इस प्रकार जिले के कुल 335 हितग्राहियों को कुल 7 करोड़ 26 लाख रुपये की राशि का अंतरण किया गया। जिला मुख्यालय पर सहायक श्रम पदाधिकारी निलेश डामोर, हितग्राहीगण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन आंदोलन बन कर 7 करोड़ परिवारों तक पहुंचा जल गंगा संवर्धन अभियान

## जल गंगा संवर्धन अभियान ने जनभागीदारी का रचा नया इतिहास, सोशल मीडिया पर मिली वैश्विक पहुंच
## जल संरक्षण के 10,514 करोड़ रुपये की लागत से 3 लाख 63 हजार से अधिक कार्य पूर्ण

**राजेश धाकड़**

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के मुख्य उद्देश्यों के साथ संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेश के साथ देश और विदेश के लगभग 7 करोड़ परिवारों तक अपनी पहुंच बनाकर जनभागीदारी का एक नया इतिहास रच दिया है।

आगामी मानसून में कम वर्षा की संभावना को देखते हुए पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजने के दूरदर्शी उद्देश्य से शुरू हुआ यह महा अभियान 30 जून 2026 को भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दृढ़ संकल्प से यह अभियान महज एक सरकारी कार्यक्रम न रहकर एक विराट वैश्विक जन आंदोलन के रूप में स्थापित हुआ है। इस महाअभियान को सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिला। ट्विटर (एक्स), फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर सरकार के आधिकारिक माध्यमों द्वारा प्रतिदिन जागरूकता पोस्टर, लघु फिल्में और इन्फोग्राफिक्स



साझा किए गए। #जल_गंगा_संवर्धन_अभियान, #जल_है_तो_कल_है, #WaterConservation और #SaveWater जैसे हैशटैग्स के माध्यम से प्रदेश और देश के कोने-कोने तक जल संरक्षण का संदेश फैला, जिससे कुल 6 करोड़ 95 लाख 74 हजार 820 से अधिक लोगों तक इस अभियान की डिजिटल पहुंच सुनिश्चित हो सकी और लोग जल स्त्रोतों को सहेजने की मुहिम से सीधे जुड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सतत मॉनिटरिंग और विशेष डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से अभियान में पूरे राज्य में रिकॉर्ड स्तर पर कार्य किए गए। प्रदेश भर में 10,514 करोड़ रुपये की लागत से 3 लाख 63 हजार से अधिक जल संरचनाओं के निर्माण और जीर्णोद्धार के कार्य पूर्ण किए गए। भू-जल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए रिकॉर्ड समय में 67,708 खेत-तालाब, 225 अमृत सरोवर और 97,614 कूप रिचार्ज संरचनाएं तैयार की गईं। इसके अलावा 10,000 से अधिक कुओं, नदियों और प्राचीन बावड़ियों की सफाई व सौंदर्यीकरण कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इन प्रामाणिक कार्यों की बदौलत मध्यप्रदेश जल संरक्षण में देश का अग्रणी राज्य बना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं विभिन्न जिलों का दौरा कर श्रमदान किया और समाज के हर वर्ग को प्रेरित किया। 19 मार्च 2026 को इंदौर से इसके तीसरे चरण की शुरुआत करने से लेकर धार में देवी सागर तालाब के गहरीकरण, उज्जैन में शिप्रा तीर्थ परिक्रमा, भोपाल के 'सदानीरा समागम' और राजगढ़ में आयोजित समापन समारोह तक उन्होंने सक्रिय सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संकल्प दोहराया कि 'जल है तो कल है' और सरकार इसे सहेजने के लिए पूरी तरह कृत संकल्पित है, इसलिए जल संरक्षण के कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

अभियान के समापन के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए "एक पेड़ माँ के नाम" पौधरोपण अभियान और 1 जुलाई से "विकसित भारत–ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन" का भी भव्य शुभारंभ किया गया। जल संरक्षण और जनभागीदारी के इस अभियान ने मध्यप्रदेश को देश में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित किया है। वहीं खण्डवा ने जल संचयन के क्षेत्र में देश का प्रथम जिला बनकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। जल गंगा संवर्धन अभियान ने यह साबित कर दिया कि जब सरकार और समाज साथ आते हैं, तो जल संरक्षण केवल एक योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक सशक्त जन आंदोलन बन जाता है।

# समाजसेवी नितिन सुर्वे का जन्मदिवस स्नेहपूर्ण माहौल में मनाया गया



**इंदौर | रणजीत टाइम्स**

1 जुलाई को प्रख्यात समाजसेवी नितिन सुर्वे का जन्मदिवस उनके निवास पर हर्षोल्लास एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में माँ करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गौतम, माँ करणी सेना सनातन प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी गोपाल गावंडे, रणजीत टाइम्स के सह-संपादक दीपक वाडेकर सहित अनेक



सामाजिक कार्यकर्ता एवं साथी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नितिन सुर्वे के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जन्मदिवस समारोह सौहार्द, अपनत्व और शुभकामनाओं के वातावरण में संपन्न हुआ।

# 'युद्ध की बदलती तस्वीर के लिए तैयार हो सेना' : आर्मी चीफ जनरल धीरज सेठ का बड़ा संदेश, आधुनिकीकरण में तेजी के निर्देश

**नई दिल्ली| भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने सेना के आधुनिकीकरण को राष्ट्रीय सुरक्षा की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में बताते हुए सैन्य क्षमताओं को तेजी से मजबूत करने पर जोर दिया है।**



उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक सुरक्षा माहौल, नई युद्ध तकनीकों और भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए भारतीय सेना को आधुनिक हथियारों, अत्याधुनिक तकनीक और स्वदेशी रक्षा प्रणालियों से तेजी से लैस करना समय की मांग है। जनरल सेठ ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में परिचालन क्षमता बढ़ाने, आधुनिक हथियार प्रणालियों के शीघ्र समावेशन, ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकों के अधिक उपयोग तथा सैनिकों के प्रशिक्षण को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कहा कि सेना का लक्ष्य केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी भी चुनौती का त्वरित और प्रभावी जवाब देने के लिए 'फ्यूचर रेडी फोर्स' तैयार करना है। इसके लिए स्वदेशी रक्षा उत्पादन, डिजिटल कमांड सिस्टम और संयुक्त सैन्य अभियानों की क्षमता को भी मजबूत किया जा रहा है। भारतीय सेना पिछले कुछ वर्षों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी हथियारों, निगरानी प्रणालियों और आधुनिक युद्ध उपकरणों को तेजी से शामिल कर रही है। सेना प्रमुख ने इन प्रयासों को और गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

आधुनिक युद्ध अब केवल बंदूक और टैंक से नहीं जीते जाते। ड्रोन, साइबर हमले, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सैटेलाइट निगरानी और रियल-टाइम इंटेलिजेंस आज युद्ध की नई ताकत बन चुके हैं। ऐसे में सेना प्रमुख का आधुनिकीकरण पर जोर केवल सैन्य सुधार नहीं, बल्कि भारत की दीर्घकालिक राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।